FIROZABAD POLICE

" सुरक्षा आपकी, संकल्प हमारा "

सराहनीय कार्य दिनाँक 12-12-2024 थाना शिकोहाबाद जनपद फिरोजाबाद

- **वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद श्री सौरभ दीक्षित के निर्देशन मे थाना शिकोहाबाद पुलिस टीम द्वारा लूट / चोरी के घटना करने वाले शातिर अभियुक्त गोपाल गिहार को पुलिस मुठभेड़ के दौरान किया गया गिरफ्तार**

- **कब्जे से चोरी/छीने गये मोबाइल , अवैध असलहा मय कारतूस बरामद ।**

आज दिनांक 12-12-2024 को वादी द्वारा थाना शिकोहाबाद पर तहरीर दी गयी कि लगभग 5 बजे एटा चौराहे से अपने घर आ रहा था कि एक बाइक पर सवार दो लड़के थे उन्होंने झपट्टा मारकर उसका फोन छीन लिया है । वादी की तहरीर के आधार पर थाना शिकोहाबाद पर मु0अ0स0 749/2024 पंजीकृत किया गया था ।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद के निर्देशन में जनपद में चोरी / लूट की घटनाओं पर अंकुश लगाने एवं अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के अनुपालन में, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के निकट पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी शिकोहाबाद के कुशल नेतृत्व में मु0अ0स0 749/2024 के अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु 03 टीमों का गठन किया गया था । थाना शिकोहाबाद पुलिस द्वारा तत्काल कार्यवाही करते हुए थाना क्षेत्र के सभी पॉइन्टो पर गहनता से चैकिंग की गयी । इसी क्रम में थाना शिकोहाबाद पुलिस टीम अशुआ रेलवे लाइन पर चैकिंग कर रही थी तभी असुआ रेलवे लाईन के पास से पल्सर मोटर साईकिल पर दो लड़के आ रहे थे । शिकोहाबाद पुलिस टीम द्वारा दोनो को रोका गया तो दोनों ने पुलिस के ऊपर जान से मारने की नीयत से फायर किया जिस पर पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षार्थ फायरिंग में एक व्यक्ति के पैर में गोली लगने से घायल हो गया । जिसकी पहचान अभियुक्त गोपाल गिहार पुत्र गिरन्द सिंह निवासी गिहार कालोनी हाल पता कांशीराम कालोनी थाना शिकोहाबाद जनपद फिरोजाबाद के रुप में हुई है । अभियुक्त की तलाशी में कब्जे से एक अदद तमंचा 315 बोर दो जिंदा कारतूस एक खोखा कारतूस तथा दो छीने हुए मोबाइल बरामद हुए । तथा एक अभियुक्त अंधेरे का फायदा उठाते हुए भाग गया है । गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध विधिक कार्यवाही की जा रही है ।

नाम पता गिरफ्तारशुदा अभियुक्त-

1. गोपाल गिहार पुत्र गिरन्द सिंह नि0 गिहार कालोनी हाल पता कांशीराम कालोनी थाना शिकोहाबाद जनपद फिरोजाबाद

गिरफ्तारी का दिनाँक, व स्थान--- दिनांक 12.12.2024, अशुआ रेलवे लाइन थाना क्षेत्र शिकोहाबाद फिरोजाबाद ।

बरामदगी –

1. 01 अवैध तमंचा 315 बोर।
2. 02 जिन्दा कारतूस।
3. 01 खोखा कारतूस।
4. 01 मोटर साइकिल पल्सर।
5. 02 छीने हुए मोबाइल
6. 140 रूपये ।

अभियुक्त गोपाल पुत्र गिरेन्द्र का आपराधिक इतिहास-

1. मु0अ0सं0 746/24 धारा 303(2) बीएनएस थाना शिकोहाबाद जनपद फिरोजाबाद
2. मु0अ0सं0 747/24 धारा 304 बीएनएस थाना शिकोहाबाद जनपद फिरोजाबाद
3. मु0अ0सं0 749/24 धारा 304 बीएनएस थाना शिकोहाबाद जनपद फिरोजाबाद
4. मु0अ0स0 565/20 धारा 60 आबकारी एक्ट थाना शिकोहाबाद जनपद फिरोजाबाद
5. मु0अ0स0 276/18 धारा 323, 376, 504, 506 भादवि व ¾ पोक्सो अधिनियम थाना शिकोहाबाद जनपद फिरोजाबाद
6. मु0अ0स0 321/20 धारा 324 भादवि थाना शिकोहाबाद जनपद फिरोजाबाद
7. मु0अ0स0 030/21 धारा 394/411 भादवि थाना बाह जनपद आगरा
8. मु0अ0स0 140/21 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना बाह जनपद आगरा

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

1. प्रभारी निरीक्षक श्री प्रदीप कुमार थाना शिकोहाबाद फिरोजाबाद
2. उ0नि0 प्रबल प्रताप सिंह सोलंकी थाना शिकोहाबाद फिरोजाबाद
3. उ0नि0त्रिमोहन सिंह थाना शिकोहाबाद जनपद फिरोजाबाद
4. उ0नि0 राजीव गोतम थाना शिकोहाबाद जनपद फिरोजाबाद
5. उ0नि0 रजत तौमर थाना शिकोहाबाद फिरोजाबाद
6. उ0नि0 किरनपाल सिंह थाना शिकोहाबाद फिरोजाबाद
7. उ0नि0 निशान्त कुमार थाना शिकोहाबाद फिरोजाबाद
8. उ0नि0 दिनेश कुमार थाना शिकोहाबाद फिरोजाबाद
9. है0का0 राजकुमार थाना शिकोहाबाद जनपद फिरोजाबाद
10. है0का0 रोहताश थाना शिकोहाबाद जनपद फिरोजाबाद
11. का0 962 अमन छौंकर थाना शिकोहाबाद फिरोजाबाद
12. का0 334 अंकित कुमार थाना शिकोहाबाद फिरोजाबाद
13. का0 1409 विजय कुमार थाना शिकोहाबाद फिरोजाबाद
14. का0 संचय खुराना थाना शिकोहाबाद फिरोजाबाद
15. का0 गौरव थाना शिकोहाबाद फिरोजाबाद
16. हो0गा0 कोशल किशोर थाना शिकोहाबाद फिरोजाबाद